प्रादेशिक समाचार

28.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं में सर्विकल कैंसर की रोकथाम के लिए अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया–कहा–अभियान देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम।

- पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए एयर इंडिया और इंडिगो ने वहां के लिए सभी उड़ानें निलंबित की।

- कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में आज मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ से एक बाघिन को शिफ्ट किया गया–रिजर्व में बाघों की संख्या बढकर सात हुई।

- प्रदेश में गर्मी का असर बढा–अधिकतर स्थानों पर दिन और रात का तापमान सामान्य से दो से छः डिग्री सेल्सियस ऊपर रिकॉर्ड हुआ।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अजमेर से प्रदेश के लिए 16 हजार 680 करोड़ रुपये से अधिक की 43 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें पेयजल, सिंचाई, विद्युत, अक्षय ऊर्जा और सड़क परियाजनाओं सहित बांदीकुई से जयपुर तक 4–लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे समेत कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, जयपुर के सांगानेर में तथा जोधपुर शहर के लिए महत्वपूर्ण एलीवेटेड रोड का शिलान्यास और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए नोनेरा प्रमुख पेयजल परियोजना के चार पैकेजों और परवान अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के पांच पैकेजों की आधारशिला भी शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि विकास परियोजनाओं से जनता की सुविधा बढ़ेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

00000

इससे पहले प्रधानमंत्री ने 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एच.पी.वी. टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

00000

समारोह में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 21 हजार 800 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये।

कायड़ विश्राम स्थली पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल और उपलब्धियों पर संतोष जताया। श्री मोदी ने विश्वास दिलाया कि डबल इंजन की सरकार, विकास के नये पथ पर जनता की सेवा में और भी तेजी के साथ अपना कर्तव्य पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने हाल ही सम्पन्न अपनी इस्राइल यात्रा के दौरान हाइफा युद्ध में प्रदेश के रण बांकुरे दलपत सिंह के योगदान को याद करते हुए इसे पूरे देश के लिए गर्व की अनुभूति बताया। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों सम्पन्न इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को देश के लिए गर्व का विषय बताया वहीं कांग्रेस द्वारा किये गये अशोभनीय प्रदर्शन की आलोचना करते हुए कई आरोप लगाये। समारोह में इससे पहले, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी सरकार द्वारा बीते दो वर्षों के दौरान किये गये कार्य और उपलब्धियां गिनाईं।

00000

पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए एयर इंडिया और इंडिगो ने वहां के लिए अपनी सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। एयर इंडिया ने कहा है कि सुरक्षा हालातों का लगातार जायजा लिया जा रहा है और स्थिति सामान्य होने पर ही दोबारा परिचालन शुरू किया जाएगा। इस बीच, इंडिगो ने भी आज आधी रात तक इस क्षेत्र की अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। दोनों एयरलाइंस ने यात्रियों को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी उड़ान की ताजा जानकारी के लिए कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें। इंडिगो ने प्रभावित यात्रियों को पूरा पैसा वापस लेने या वैकल्पिक यात्रा चुनने का विकल्प भी दिया है।

00000

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। हर साल यह दिन भौतिकी विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञान संचार गतिविधियां आयोजित की गई। इस वर्ष का विषय है– "विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत की उत्प्रेरक"। राजधानी जयपुर में तीन दिन से चल रहे राजस्थान विज्ञान महोत्सव का आज समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये गये। तीन दिन के इस महोत्सव में विद्यार्थियों और आम नागरिकों में विज्ञान के प्रति रूचि जगाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई गतिविधियां आयोजित हुई। सवाईमाधोपुर में एक निजी कॉलेज में चित्रकला और कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई।

00000

कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में आज मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ से एक बाघिन को शिफ्ट किया गया है। यह कार्रवाई इंटर स्टेट टाइगर रिलोकेशन प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत की गई। साढ़े तीन वर्ष की इस बाघिन को करीब 700 किलोमीटर का सफर तय कर सड़क मार्ग से मुकुंदरा लाया गया। वर्तमान में बाघिन को झामरा घाटी स्थित एक एंक्लोजर में छोड़ा गया है, जहां वन्यजीव विशेषज्ञों द्वारा उसकी निगरानी की जा रही है। इस बाघिन के आने से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में बाघों की कुल संख्या सात हो गई है। इससे पहले पेंच टाइगर रिजर्व से भी एक बाघिन यहाँ लाई गई थी। गौरतलब है कि बाघों के जीन पूल में बदलाव के लिए ये रीलोकेशन प्रकिया बहुत जरूरी है।

00000

मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में आज दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना से लाए गए नौ चीतों को सफलतापूर्वक छोड़ा गया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने छह मादा और तीन नर चीतों को क्वारंटीन बाड़ों में रिलीज किया। इन चीतों को भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से बोत्सवाना से ग्वालियर लाया गया और फिर हेलीकॉप्टर के माध्यम से कूनो पहुँचाया गया। इस नई खेप के आगमन के साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या अब 39 हो गई है, जिसमें भारत में जन्मे 28 शावक भी शामिल हैं। श्री यादव ने 'प्रोजेक्ट चीता' को वैश्विक संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। फिलहाल ये चीते स्वास्थ्य निगरानी में रहेंगे और बाद में इन्हें खुले जंगल में छोड़ा जाएगा।

00000

रेल मंत्रालय ने सूचित किया है कि अनारक्षित टिकट प्रणाली–यूटीएस मोबाइल ऐप की सेवाएं कल से बंद कर दी जाएंगी। मंत्रालय ने बताया कि ये सेवाएं नए रेल वन ऐप पर जारी रहेंगी और आर–वॉलेट बैलेंस स्वचालित रूप से स्थानांतरित हो जाएंगा। मंत्रालय ने कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे रेल वन ऐप पर उसी मोबाइल नंबर से पंजीकरण करें जो यूटीएस मोबाइल ऐप से जुड़ा हुआ है।

00000

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के तीन शहरों माउंट आबू, जहाजपुर और कामां के नाम बदलने की घोषणा के बाद विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल है। माउंट आबू को आबूराज के नाम से नई पहचान मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। इसी तरह भीलवाड़ा के जहाजपुर को अब यज्ञपुर नाम मिलने पर आमजन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। स्थानीय विधायक गोपीचंद मीणा ने बताया कि कस्बे का नाम बदलने को लेकर पिछले दिनों नगरपालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को भिजवाया गया था।

00000

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहा। बाड़मेर पैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जबकि अलवर में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, हवाओं के एक कमजोर वायु तंत्र के प्रभाव से आज राज्य के पूर्वी हिस्सों में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। अगले चार से पांच दिनों तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। विभाग ने 4 मार्च की रात से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान जताया है, जिससे उत्तर–पूर्वी राजस्थान के जिलों में मौसम बदल सकता है।

00000

हनुमानगढ़ जिले के संगरिया स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आज किन्नू महोत्सव का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के 'पंच गौरव' कार्यक्रम के तहत इस महोत्सव का आयोजन उद्यान विभाग और जिला प्रशासन की ओर से किया गया। हनुमानगढ़ जिला परिषद के सीईओ ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि महोत्सव में हनुमानगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से लगभग साढे पांच सौ  किसानों, वैज्ञानिकों, प्रगतिशील बागवानों तथा उद्यमियों ने भाग लिया।

00000

करौली में माल मसाला मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष मेले में भाग लेने वाले दुकानदारों और व्यापारियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मेले में करौली के स्थानीय व्यापारियों के साथ–साथ जयपुर, भरतपुर और सवाई माधोपुर सहित अन्य जिलों के व्यापारी भी पहुंचे हैं।

प्रशासन द्वारा मेले में व्यवस्थाओं और सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इस पारंपरिक मेले में खरीदारी करने के लिए बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

00000